हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 15.09.2024 - 15 Sep 2024 - Page 4

# एनईपी 2020 में शिक्षा की गुणवत्ता का पूरा ध्यान

- प्रो. रवि भूषण ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।
फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा रहा। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रो. सुदेश ने कहा कि एनईपी 2020 को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एनईपी-2020 को कुलपति ने देश के विकास के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विश्वविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को एनईपी के अनुरूप तैयार किया गया है। मुख्य वक्ता बतौर मुख्य वक्ता सुयोग्य- द स्कूल ऑफ कम्पीटेंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है। शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। महिला विश्वविद्यालय के एनईपी को-ऑर्डिनेटर एवं डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 15.09.2024

# छात्रा श्रेता को मिस पर्सनालिटी का खिताब



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग मे छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर छात्राओं ने नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और रैंप वाक में भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. वरुणा, डा. ज्योतिका एवं डा. गोल्डी गुप्ता ने निभाई। एमएड प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेता को मिस पर्सनालिटी, बीएड प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रेशर और एमएड प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया। इस अवसर पर डीन एवं विभागाध्यक्ष डा. अनु बल्हारा, डा. सुमन दलाल, डा. वरुणा, डा. सरला, डा. प्रिया धींगड़ा, डा. पूनम, डा. मोनिका व डा. सुशील मौजूद रही।







Play / Stop Audio

# श्रेता मिस पर्सनालिटी, करीना मिस फ्रेशर व अंकिता मिस टैलेंटेड चुनी गई

Girish Saini Sep 14, 2024 07:28 0






खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विवि के शिक्षा विभाग में नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए आयोजित फ्रेशर पार्टी में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा रैम्प वॉक में भाग लिया।




निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ वरुणा, डॉ ज्योतिका एवं डॉ गोल्डी गुप्ता ने निभाई। श्रेता (एमएड प्रथम वर्ष) को मिस पर्सनालिटी, करीना (बीएड प्रथम वर्ष) को मिस फ्रेशर तथा अंकिता (एमएड प्रथम वर्ष) को मिस टैलेंटेड चुना गया। इस दौरान डीन एवं विभागाध्यक्षा डॉ अनु बल्हारा, डॉ सुमन दलाल, डॉ प्रिया धींगड़ा, डॉ वरुणा, डॉ सरला, डॉ पूनम, डॉ मोनिका, डॉ सुशील सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं मौजूद रही।

Tags: Miss Personality Miss Fresher Miss Talented

RELATED POSTS


नहरों में स्नान करने, मूर्तियां व सामग्री डालने पर प्रतिबंध


गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में डीसी अजय कुमार ने तय की अधिकारियों...



चुनावों के साथ भी, चुनावों के बाद भी

COMMENTS

Name
Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment

सिटी एयर न्यूज़




POPULAR POSTS

Weekly Posts

Manipur: Body of ex-Army soldier kidnapped on Sep 8 found

PM Modi attends Ganesh Puja at CJI Chandrachud's residence

Congress & Rahul Gandhi are anti-Dalit, says Gurgaon BJP...

Gurugram: Badshahpur constituency will see rapid development,...

Manipur unrest: Students stage demonstration, meet Governor...

FOLLOW US

Facebook
X (Twitter)
Linkedin
Youtube
Email

RECOMMENDED POSTS


Opinion
FairPoint: A power game, Rahul's caste-religion-ethnicity...

Rising consumption of processed, packaged food in India...

'Hinduism teaches peace': VHP chief Alok Kumar rejects...

(IANS Interview) I said truth about RSS, will keep opposing...

Naqvi criticises Mamata's approach, slams Cong-NC alliance...

How sugar-sweetened beverages may harm your health

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

Higher FD Rates, Stable Returns
Invest now and get interests upto 9.40%* p.a.
BOOK NOW
Rated [ICRA] AA+ (Stable) by ICRA & IND AA+/Stable by India Ratings & Research
Invest for 9.40%* p.a. rates
Invest in Shriram FD for higher & reliable returns. Book now
Shriram Finance Limited
Book Now



Play / Stop Audio

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 देश के विकास के लिए अहमः कुलपति प्रो सुदेश

महिला विवि में एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।

Girish Saini Sep 14, 2024 07:26



HAMPTON SKY REALTY LIMITED
We are 600+ family strong
Yours could be next
RERA NO : PBRERA-LDH44-PR0449
HAMPTON HOMES

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विवि में शनिवार को एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

कुलपति प्रो सुदेश ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ "राष्ट्रीय ९ शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा" विषयक इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य वक्ता सुयोग्य- द स्कूल ऑफ कम्पीटेंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने सर्वप्रथम हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा इस कार्यक्रम के लिए आयोजक टीम को बधाई दी। कुलपति ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि एनईपी 2020 को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एनईपी-2020 को देश के विकास के लिए अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विवि के सभी पाठ्यक्रमों को एनईपी के अनुरूप तैयार किया गया है। उन्होंने शिक्षकों के तकनीकी कौशल को अपडेट रखने में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लाभदायक बताया।

मुख्य वक्ता विवेक शुक्ला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है। उन्होंने सफलता प्राप्त करने के लिए तीन बातों- थिंक, डिज़ाइन और एक्जिक्यूट करने को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति रोजगार को बढ़ावा देने के लिए है।

एनईपी कोऑर्डिनेटर एवं डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो रवि भूषण ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रारंभ में कन्या गुरुकुल की प्राचार्या सुमिता सिंह ने स्वागत संबोधन किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्या डॉ सरोज सिंह ने आभार प्रदर्शन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल एवं यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के लगभग 75 शिक्षकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

Tags: National Education Policy-2020 | development of country | VC Prof Sudesh

RELATED POSTS

नहरों में स्नान करने, मूर्तियां व सामग्री डालने पर प्रतिबंध

गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में डीसी अजय कुमार ने तय की अधिकारियों...

चुनावों के साथ भी, चुनावों के बाद भी

COMMENTS

Name

Email

Comment

I'm not a robot

Post Comment

INNOCENT HEARTS SCHOOL
LAUNCHING INNOKIDS EARLY LEARNING CENTRE
NURTURING CURIOUS MINDS
For Pre-Schoolers (Age 2.5 to 3 years) REGISTRATION OPENS SEPTEMBER 02, 2024
1800 833 4600 www.innocenthearts.in

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Manipur: Body of ex-Army soldier kidnapped on Sep 8 found

PM Modi attends Ganesh Puja at CJI Chandrachud's residence

Congress & Rahul Gandhi are anti-Dalit, says Gurgaon BJP...

Gurugram: Badshahpur constituency will see rapid development,...

Manipur unrest: Students stage demonstration, meet Governor...

FOLLOW US

Facebook | X (Twitter) | Linkedin | Youtube | Email

RECOMMENDED POSTS

Opinion FairPoint: A power game, Rahul's caste-religion-ethnicity...

Rising consumption of processed, packaged food in India...

'Hinduism teaches peace': VHP chief Alok Kumar rejects...

(IANS Interview) I said truth about RSS, will keep opposing...

Naqvi criticises Mamata's approach, slams Cong-NC alliance...

How sugar-sweetened beverages may harm your health

CONTACT US

For Advertisement, News, Article, Advertorial, Feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

Terms & Conditions Privacy Policy

९इस साइट में, Google AdSense विज्ञापन इंटेंट के लिंक का इस्तेमाल किया गया है. AdSense ये लिंक अपने-आप जनरेट करता है. इनकी मदद से, क्रिएटर कमाई कर सकते हैं.

# एम.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता बनी मिस पर्सनालिटी

गोहाना मुद्रिका, 14 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। एम.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता को मिस पर्सनालिटी, बी.एड. प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रेशर तथा एम.एड. प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ वरुणा, डॉ ज्योतिका एवं डॉ गोल्डी गुप्ता ने निभाई। इस दौरान सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा रैम्प वॉक में भाग लिया। इस अवसर पर डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनु बल्हारा, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. वरुणा, डॉ. सरला, डॉ. प्रिया धींगड़ा, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका, डॉ. सुशील सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# हिंदी को कर्तव्यबोध में लाने की आवश्यकता : डॉ. संजीव कुमार



गोहाना मुद्रिका, 14 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर वक्ता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ संजीव कुमार ने छात्राओं को हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में बताया तथा तत्कालीन परिवेश के संदर्भ में उसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। उन्होंने हिन्दी को देश की अस्मिता के साथ जोड़ते हुए कहा कि भाषाई संवाद सिर्फ स्वाभिमान व आत्म संतोष का विषय नहीं, बल्कि उसके लिए हिन्दी भाषा को कर्तव्यबोध और व्यवहार में लाने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कला एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो अशोक वर्मा ने स्वागत संबोधन किया तथा हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रो गीता फोगाट ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ सुकीर्ति ने किया।

# वी.सी. का दावा : एन.ई.पी. के अनुरूप तैयार किए गए हैं सभी पाठ्यक्रम



गोहाना मुद्रिका, 14 सितंबर : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा" रहा। वी.सी. प्रो सुदेश ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सुयोग्य-दि स्कूल ऑफ कम्पीटेंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला उपस्थित रहे।

वी.सी. ने प्रो. सुदेश कहा कि एन.ई.पी.-2020 को के.जी. से पी.एच.डी. तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एन.ई.पी.-2020 को कुलपति ने देश के विकास के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विश्वविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को एन.ई.पी. के अनुरूप तैयार किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए खुले मन से विचार मंथन आवश्यक है। मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। मुख्य वक्ता ने सफलता प्राप्त करने के लिए तीन बातों-थिंक, डिज़ाइन और एग्जीक्यूट करने को आवश्यक बताया।

पंजाब केसरी
SUN,15 SEPTEMBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# हिंदी को कर्त्तव्य बोध में लाने की आवश्यकता: डॉ. संजीव



व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. संजीव कुमार के साथ छात्राएं। (अरोड़ा)

गोहाना, 14 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर वक्ता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सेवानिवृत्त प्रोफैसर डॉ. संजीव कुमार ने छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया तथा तत्कालीन परिवेश के संदर्भ में उसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया।

उन्होंने हिन्दी को देश की अस्मिता के साथ जोड़ते हुए कहा कि भाषाई संवाद सिर्फ स्वाभिमान व आत्म संतोष का विषय नहीं, बल्कि उसके लिए हिन्दी भाषा को कर्त्तव्यबोध और व्यवहार में लाने की भी आवश्यकता है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कला एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक वर्मा ने स्वागत संबोधन किया तथा हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दीं। हिन्दी विभाग की अध्यक्ष प्रो. गीता फोगाट ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ सुकीर्ति ने किया।

इस अवसर पर डॉ. अजीत, डॉ. प्रमोद, डॉ. कुलदीप, डॉ. कलम एवं आचार्य मनीष कुमार सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

पंजाब केसरी
SUN, 15 SEPTEMBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# एम.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता बनी मिस पर्सनैलिटी

गोहाना, 14 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया गया। एम.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता को मिस पर्सनैलिटी, बी.एड. प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रैशर तथा एम.एड. प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया।

निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. वरुणा, डॉ. ज्योतिका एवं डॉ. गोल्डी गुप्ता ने निभाई। इस दौरान सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत करवाया। छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा रैम्प वॉक में भाग लिया।

इस अवसर पर डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनु बल्हारा, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. वरुणा, डॉ. सरला, डॉ. प्रिया धींगड़ा, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका, डॉ. सुशील सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।



विभिन्न खिताबों से सम्मानित नवांगतुक छात्राएं। (अरोड़ा)

पंजाब केसरी
SUN,15 SEPTEMBER 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# वी.सी. का दावा: एन.ई.पी. के अनुरूप तैयार किए गए हैं सभी पाठ्यक्रम

गोहाना, 14 सितम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड एक स्थित कॉन्फ्रैंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा' रहा।

वी.सी. प्रो. सुदेश ने पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता सुयोग्य-दि स्कूल ऑफ कम्पीटैंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला उपस्थित रहे।

वी.सी. ने कहा कि एन.ई.पी.-2020 को के.जी. से पीएच.डी. तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। एन.ई.पी.-2020 को कुलपति ने देश के विकास के लिए अहम बताया।

उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विश्वविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को एन.ई.पी. के अनुरूप तैयार किया गया है। किसी भी शिक्षण संस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए खुले मन से विचार मंथन आवश्यक है।



दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)

मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है। शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। मुख्य वक्ता ने सफलता प्राप्त करने के लिए 3 बातों- थिंक, डिजाइन और एग्जीक्यूट करने को आवश्यक बताया।

महिला विश्वविद्यालय के एन.ई.पी. को-ऑर्डिनेटर एवं डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, कन्या गुरुकुल की प्रिंसीपल सुमिता सिंह और यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्रिंसीपल डॉ सरोज सिंह ने भी संबोधित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल एवं यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के 75 शिक्षकों ने भाग लिया।

# श्वेता मिस पर्सनालिटी, करीना मिस फ्रेशर चुनी गई

**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विवि के शिक्षा विभाग में नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए आयोजित फ्रेशर पार्टी में सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा रैम्प वॉक में भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ वरुणा, डॉ ज्योतिका एवं डॉ गोल्डी गुप्ता ने निभाई। श्वेता को मिस पर्सनालिटी, करीना को मिस फ्रेशर तथा अंकिता (एमएड प्रथम वर्ष को मिस टैलेंटेड चुना गया।

**बीपीएस •** देश के विकास के लिए नई शिक्षा नीति अहम

# केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर किया तैयार : प्रो. सुदेश

भास्कर न्यूज | गोहाना

बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति देश के विकास के लिए अहम है। वे शनिवार को महिला विवि परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में योग्यता आधारित शिक्षा विषय पर आयोजित एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रही थीं। इस कार्यक्रम में सुयोग्य-द स्कूल ऑफ कम्पीटेंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला मुख्य वक्ता रहे।

प्रो. सुदेश ने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विवि की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार किया गया है। वहीं विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है। शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। नई शिक्षा नीति रोजगार को बढ़ावा देने के लिए है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल व यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के लगभग 75 शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं रोहतक महर्षि दयानंद विवि के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया। इस मौके पर प्रो. रवि भूषण, सुमिता सिंह, यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह आदि मौजूद रहे।

# श्वेता बनी मिस पर्सनालिटी



**गोहाना |** बीपीएस महिला विवि के शिक्षा विभाग में शनिवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं को विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। इसके बाद छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी और रैंप वॉक में हिस्सा लिया। इनमें बेहतर प्रदर्शन करने पर एमएड प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता को मिस पर्सनालिटी, बीएड प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रेशर व एमएड प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया। विजेता छात्राओं को डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अनु बल्हारा ने सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. वरुणा, डॉ. ज्योतिका व डॉ. गोल्डी गुप्ता ने निभाई। इस मौके पर डॉ. सुमन दलाल, डॉ. सरला, डॉ. प्रिया धींगड़ा, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका, डॉ. सुशील आदि मौजूद रहीं।

# हिंदी को कर्तव्यबोध व व्यवहार में लाएं : डा. संजीव

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में राजभाषा हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डा. संजीव कुमार ने छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया और तत्कालीन परिवेश **के संदर्भ में उसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। उन्होंने हिंदी को देश की** अस्मिता के साथ जोड़ते हुए कहा कि भाषाई संवाद सिर्फ स्वाभिमान व आत्म संतोष का विषय नहीं, बल्कि उसके लिए हिंदी भाषा को कर्तव्यबोध व व्यवहार में लाने की भी आवश्यकता है। इस मौके पर कला एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक वर्मा, हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. गीता फोगाट, डा. सुकीर्ति, डा. अजीत, डा. प्रमोद, डा. कुलदीप, डा. कलम, मनीष कुमार मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विकास के लिए महत्वपूर्ण



कुलपति प्रो . सुदेश ( दाएं से दूसरी ) शिक्षकों को प्रमाण पत्र देते हुए ● सौ. विश्वविद्यालय

वि., गोहाना: शनिवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हाल में आयोजित इस कार्यक्रम का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा रहा। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि एनईपी को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।



प्रो . सुदेश, कुलपति

उन्होंने कहा कि एनईपी देश के विकास के लिए अहम है। महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विश्वविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को एनईपी के अनुरूप तैयार किया गया है। शिक्षकों के तकनीकी कौशल को अपडेट रखने में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम लाभदायक होंगे। मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है। शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। नई शिक्षा नीति रोजगार को बढ़ावा देने के लिए है। कार्यक्रम में 75 शिक्षकों ने भाग लिया और उनको प्रमांण पत्र वितरित किए गए। मौके पर एनईपी को-आर्डिनेटर एवं डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, प्राचार्य सुमिता सिंह, डा. सरोज सिंह मौजूद रहे।

# बीएड प्रथम वर्ष की करीना बनी मिस फ्रेशर



मिस फ्रेशरचुनी गई करीनाप्राध्यापकों के साथ में • सौ. विश्वविद्यालय

वि ., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। सीनियर छात्राओं ने नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और रैंप वाक में भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा : वरुणा, डा . ज्योतिका एवं डा . गोल्डी गुप्ता ने निभाई। एमएड प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता को मिस पर्सनालिटी, बीएड प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रेशर और एमएड प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया। डीन एवं विभागाध्यक्ष डा . अनु बल्हारा, डा . सुमन दलाल, डा . वरुणा, डा . सरला, डा . प्रिया धींगड़ा, डा . पूनम, डा . मोनिका, डा . सुशील मौजूद रहीं।

# स्कूली शिक्षा पर उच्चतर शिक्षा की निर्भरता

## योग्यता आधारित शिक्षा विषय पर एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

गोहाना। गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला विश्वविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा विषय पर एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसमें बतौर मुख्य वक्ता एक निजी संस्थान के प्रबंधक विवेक शुक्ला रहे।

कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एनईपी 2020 को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। एनईपी-2020 देश के विकास के लिए अहम है। उन्होंने कहा कि महान शिक्षाविद भगत फूल सिंह की तपोस्थली महिला विश्वविद्यालय की नींव बहुत मजबूत है और सभी पाठ्यक्रमों को एनईपी के अनुरूप तैयार किया गया है। मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि उच्चतर शिक्षा की निर्भरता स्कूली शिक्षा पर है।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों की वास्तविक क्षमता को पहचान कर सामने लाना जरूरी है। मुख्य वक्ता ने सफलता प्राप्त करने के लिए तीन बातों- थिंक, डिजाइन और एक्जिक्यूट करने को आवश्यक बताया। उन्होंने भारत के विश्व गुरु बनने की लड़ाई में शिक्षकों की भूमिका को सेनापति के रूप में बताया। नई शिक्षा नीति रोजगार को बढ़ावा देने के लिए है। कार्यक्रम में महिला विश्वविद्यालय के एनईपी समन्वयक एवं डीन, फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, कन्या गुरुकुल की प्राचार्य सुमिता सिंह, विश्वविद्यालय कैंपस स्कूल की प्राचार्य डॉ. सरोज सिंह मौजूद रहे।



बीपीएस महिला विवि में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश एवं अन्य नई शिक्षा नीति की प्रतियां दिखाते हुए। स्रोत : विश्वविद्यालय



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान  कुलपति प्रो सुदेश एवं अन्य।

# सफलता प्राप्त करने के लिए थिंक, डिजाइन और एक्जिक्यूट करना आवश्यक : विवेक शुक्ला

गोहाना, 14 सितम्बर (रामनिवास धीमान):  उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आज एक दिवसीय सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में योग्यता आधारित शिक्षा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने पारंपरिक दीप प्रज्जवलन के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बतौर मुख्य वक्ता सुयोग्य- द स्कूल ऑफ कम्पीटेंसी के प्रबंधक विवेक शुक्ला उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संबोधन में कहा कि एनईपी 2020 को केजी से पीएचडी तक की शिक्षा की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। उन्होंने शिक्षकों के तकनीकी कौशल को अपडेट रखने में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लाभदायक बताया। मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए तीन बातों-  थिंक, डिजाइन और एक्जिक्यूट करने को आवश्यक बताया। उन्होंने भारत के विश्व गुरु बनने की लड़ाई में शिक्षकों की भूमिका को सेनापति के रूप में बताया। महिला विश्वविद्यालय के एनईपी कोऑर्डिनेटर एवं डीन, फैकल्टी आफ सोशल साइंस प्रो. रवि भूषण, प्राचार्या सुमिता सिंह, प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।  इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 75 शिक्षकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

अजीत समाचार
15-Sep-2024
Page: 5
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240915/27/5/1_1.cms



फ्रैशर पार्टी में चुनी गई छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित करते हुए आयोजक।

# फ्रैशर पार्टी का आयोजन

गोहाना, 15 सितम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में नव प्रवेश प्राप्त छात्राओं के लिए फ्रैशर पार्टी का आयोजन किया जिसमें सीनियर छात्राओं ने जूनियर छात्राओं का स्वागत किया और उन्हें विभाग की परंपराओं और संस्कृति से अवगत कराया। इस अवसर पर छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए तथा रैम्प वॉक में भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ. वरुणा, डॉ. ज्योतिका एवं डॉ. गोल्डी गुप्ता अनुसार एम.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेता को मिस पर्सनालिटी, बी.एड. प्रथम वर्ष की करीना को मिस फ्रेशर तथा एम.एड. प्रथम वर्ष से अंकिता को मिस टैलेंटेड चुना गया। मौके पर सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीन एवं विभागाध्यक्षा डॉ. अनु बल्हारा, डॉ. सुमन दलाल, डॉ. वरुणा, डॉ. सरला, डॉ. प्रिया धींगड़ा, डॉ. पूनम, डॉ. मोनिका, डॉ. सुशील सहित स्टाफ सदस्य एवं छात्राएं उपस्थित रही।

अजीत समाचार
16-Sep-2024
Page: 9
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240916/27/9/1_1.cms



विशेष व्याख्यान के दौरान शिक्षक एवं छात्राएं।

# हिन्दी दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

गोहाना, 15 सितम्बर (रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी दिवस के अवसर पर शनिवार को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षा हिन्दी विभाग की प्रो गीता फोगाट द्वारा की गई तथा मंच संचालन डॉ. सुकीर्ति द्वारा किया गया जिसमें बतौर वक्ता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने छात्राओं को हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में बताया तथा तत्कालीन परिवेश के संदर्भ में उसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। उन्होंने हिन्दी को देश की अस्मिता के साथ जोड़ते हुए कहा कि भाषाई संवाद सिर्फ स्वाभिमान व आत्म संतोष का विषय नहीं, बल्कि उसके लिए हिन्दी भाषा को कर्तव्यबोध व व्यवहार में लाने की भी आवश्यकता है।कार्यक्रम के प्रारंभ में कला एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो अशोक वर्मा ने स्वागत संबोधन किया तथा हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉ. अजीत, डॉ. प्रमोद, डॉ. कुलदीप, डॉ. कलम एवं आचार्य मनीष कुमार सहित छात्राएं उपस्थित रही।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
16-Sep-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20240916/27/9/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat 15.09.2024 - 15 Sep 2024 - Page 4

# हिंदी भाषा को कर्तव्यबोध में लाने की आवश्यकता



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा राजभाषा हिन्दी दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान कार्यक्रम में बतौर वक्ता, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. संजीव कुमार ने छात्राओं को हिन्दी भाषा के महत्व के बारे में बताया तथा तत्कालीन परिवेश के संदर्भ में उसकी उपयोगिता से भी अवगत कराया। उन्होंने हिन्दी को देश की अस्मिता के साथ जोड़ते हुए कहा कि भाषाई संवाद सिर्फ स्वाभिमान व आत्म संतोष का विषय नहीं, बल्कि उसके लिए हिन्दी भाषा को कर्तव्यबोध व व्यवहार में लाने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में कला एवं भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक वर्मा ने स्वागत संबोधन किया तथा हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी। हिन्दी विभाग की अध्यक्षा प्रो. गीता फोगाट ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन डॉ. सुकीर्ति ने किया।